



# शराब दुकान के बाहर सुबह-शाम छलकते जाम...

## मेन रोड पर है कलाली, बच्चों के भविष्य पर नशे की पड़ रही छाया, रहवासी परेशान

नवभारत न्यूज

**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह शहर मे शांत मानी जानी वाली रहवासी कॉलोनी सहित आम नागरिक आज भी एक गंभीर समस्या से जुझ रहे है। कॉलोनी के मुख्य गेट और इंदौर इच्छापुर रोड मार्ग पर स्थित शराब दुकान ने सिर्फ माहौला बिगाड़ दिया है, बल्कि स्कूली बच्चों,महिलाओ और बुर्जुगों की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। कॉलोनियों के रहवासियों ने कई बार प्रशासन से तत्काल दुकान हटाने की मांग की हुई है लेकिन आज तक दुकान नही हटी है। जबकि गौर करने वाली बात है कि सनावद मे आबकारी विभाग ने दुकान को अन्य जगह स्थानातंरित करवाया है। तो बड़वाह मे क्यों नही?

**शराब दुकान हटाने के लिए पार्षद, रहवासी भी लिख चुके है पत्र..:-** कंवर कॉलोनी स्थित वार्ड नंबर 07 मे मुख्य मार्ग पर स्थित शराब की दुकान तत्काल हटाई जाये। शराब दुकान होने से यहां रहवासियो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुकान के कारण महिलाओं, बालिकाओं एवं बुजुर्गो को आने-जाने मे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शराब दुकान के समीप स्कूल, आंगनवाडी, बैंक, हॉस्पिटल (संजीवनी), पर्णिमा हॉस्पिटल स्थित है। साथ ही नगर बड़वाह नगर के पास ओंकारेश्वर तीर्थ नगरी है। और बड़वाह मैन रोड़ से इस पवित्र नगरी के दर्शन करने जाते है। ऐसे मे बड़वाह शहर की छवि भी धूमिल हो रही है।

**दुकान के बाहर ही बन रहा 'ओपन बार':-** रहवासियों का कहना है कि शराब दुकान के पास ही और बाहर खुलेआम खड़े होकर शराबी शराब पीते हैं। कई बार यही लोग नशे में हंगामा करते हैं, गंदगी फैलाते हैं और राहगीरों को परेशान करते हैं। इससे पूरे क्षेत्र का माहौल बिगड़ चुका है और कॉलोनी का गेट एक तरह से 'ओपन बार' में तब्दील हो गया है।

**रहवासियों का आरोप: नियमों की खुली अनदेखी:-** स्थानीय लोगों का कहना है कि रहवासी क्षेत्र और स्कूल के इतने नजदीक शराब दुकान खोलना नियमों का सीधा उल्लंघन है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है। सवाल उठता है कि आखिर किसकी शह पर यह सब चल रहा है?

**जनता की चेतावनी: अब चुप नहीं बैठेंगे:-** कॉलोनीवासियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द से जल्द इस शराब दुकान को यहां से नहीं हटाया गया, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### हादसों का भी बढ़ा खतरा

शराब दुकान के बाहर अक्सर वाहन खड़े रहने से ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। नशे में वाहन चलाने वालों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी रहती है। कई छोटे-मोटे हादसे भी सामने आ चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।






### महिलाओं का निकलना हुआ मुश्किल

शाम ढलते ही दुकान के आसपास भीड़ बढ़ जाती है। कई बार शराब के नशे में धुत लोग राह चलती महिलाओं पर टिप्पणियां करते हैं, जिससे महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। स्थानीय महिलाओं ने साफ कहा— 'अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो हम सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे।'

### स्कूल के पास शराब दुकान, हर दिन बन रहा खतरा

कॉलोनी के पास ही स्कूल होने के कारण रोजाना सैकड़ों बच्चे इसी रास्ते से गुजरते हैं। ऐसे में शराब दुकान के बाहर खड़े नशे में धुत लोग, गाली-गलौज और असामाजिक गतिविधियां बच्चों के मन-मस्तिष्क पर गलत असर डाल रही हैं। अभिभावकों का कहना है कि 'जहां बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, वहां उन्हें नशे का माहौल दिख रहा है।

## एक नजर में

### कसरावद कॉलेज के पास हुआ भीषण सड़क हादसा, महिला की हुई दर्दनाक मौत



**कसरावद, निप्र।** शासकीय कॉलेज के पास हुआ भीषण सड़क हादसा बाइक सवार व्यक्ति सोहन पिता रमेश मंडलोई उम्र 30 वर्ष रितु पति सोहन मंडलोई उम्र 28 वर्ष, उनकी बच्ची उम्र 1वर्ष बाइक से कसरावद खरीदी कर अपने घर ग्राम बलखड़ जा रहे थे। पीछे से आ रही खरगोन से इंदौर जा रही यात्री बस श्याम एमपी 10 जेड एफ 9380 ड्राइवर द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से बाइक को मारी जोरदार टक्कर जिसमें महिला रितु मंडलोई की दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई महिला का पति बच्चा घायल हुए मौके पर घटनास्थल पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कसरावद पुलिस मौके पर पहुंची एवं बस को अपने कब्जे में लेकर महिला को एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल कसरावद पहुंचाया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### निक्षय शिविर में ग्रामीणों की स्क्रिनिंग कर लिए सैंपल



**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष 100 .दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के भगवानपुरा ब्लॉक में निक्षय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य घर-घर जाकर या उच्च जोखिम वाली आबादी (बुजुर्ग, मधुमेह, कुपोषित) की टीबी स्क्रीनिंग करना, बलगम जांच, एक्स.रे और मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करना है। एसटीएस रुपेश गुप्ता और प्रवीण गुप्ता ने बताया एसटीएलएस हाई रिस्क ग्राम थरड़पुरा के आंबखेडा में आयोजित किया गया। यहां हैंड-हैंडल्ड एक्सरे मशीन के माध्यम से 110 से अधिक चेस्ट एक्सरे किए गए। डीटीओ के निर्देश पर एक्सरे पॉस मरीजों को उपचार पर रखा गया, जबकि 10 एस का स्पटम सैंपल लेकर टेस्टिंग के लिए सिविल अस्पताल भगवानपुरा भेजा गया। शिविर में सीएचओ दिनेश सोलंकी, रुपेश पाटीदार, एएनएम पंवार, आशा वर्कर मधु खोड़े, रेलिया खोड़े आदि का सहयोग रहा।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में 18 यूनिट रक्तदान किया



**खरगोन, निप्र।** शहर के उमरखली रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इलेक्ट्रानिक्स विभाग के द्वारा जिला ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित शिविर में संस्था के सदस्यों ने 18 यूनिट ब्लड दान किया। डॉ विजय लक्ष्मी साठे ने बताया विभाग के मनीष पुरस्वानी और चांदनी पुरस्वानी ने जोड़े से रक्त दान किया। दीपक पाटीदार, राकेश अहिरवार, सविता व्यास, निखिल पाटीदार, सुशील जायसवाल, अंकित बड़ोले, जय भदौरिया, राज भालसे, विकास परदेशी, आदि ने एनिमिया एवं सिकलसेल पीड़ितो के लिए रक्त दान किया। प्राचार्य एसएस मुकाती ने कहा कि जिले में सिकल सेल के मरीजों को प्रति माह ब्लड की आवश्यकता पड़ती है। गर्मी के दिनों में कम रक्त दान होने से जिला ब्लड बैंक में कई बार ब्लड की कमी हो जाती है। रक्त दाता को भी रक्त दान के कारण कई बीमारियों से प्रतिरोधक क्षमता आ जाती है। इस कारण रक्त दान अत्यंत जरूरी है।

### मकान सूचीकरण कार्य समय सीमा से पूर्व करने वाले प्रगणकों का सम्मान



**खरगोन, निप्र।** जनगणना 2027 के अंतर्गत मकानों के सूचीकरण कार्य को समय सीमा से पूर्व उत्कृष्ट रूप से पूर्ण करने पर ब्लॉक भगवानपुरा में प्रगणकों का सम्मान किया गया। तहसीलदार भगवानपुर संजय चौहान ने प्रगणक मनीष गुप्ता (सेजला) एवं नरेंद्र कुमरावत (बाडीखुर्द) का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। उनके कार्य की सराहना करते हुए प्रशंसा व्यक्त की। मिली जानकारी के अनुसार प्रगणक मनीष गुप्ता ने भगवानपुरा के सेजला एचएलबी क्षेत्र में कुल 182 जनगणना मकानों का सूचीकरण कार्य निर्धारित समय सीमा से पहले पूर्ण किया। भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच लगातार 8 से 10 घंटे प्रतिदिन मेहनत करते हुए उन्होंने मात्र तीन दिनों में यह कार्य संपन्न कर उदाहरण प्रस्तुत किया। इस सराहनीय कार्य को लेकर पूरे ब्लॉक में प्रशंसा का माहौल है। तहसीलदार श्री चौहान ने दोनों प्रगणकों के समर्पण, कर्तव्य निष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

### आज मुंबई- आगरा नेशनल हाईवे पर कांग्रेस का किसान आंदोलन, होगा चक्काजाम प्रदर्शन

**खरगोन, निप्र।** 7 मई को कांग्रेस ने जिले से लगे मुंबई- आगरा नेशनल हाईवे पर बड़े किसान आंदोलन की तैयारी की है। कांग्रेस के इस आंदोलन में करीब 50 हजार लोगों के जुटने का अनुमाना लगाया जा रहा है। इससे 11 जिलों के करीब 747 किलोमीटर क्षेत्र में यातायात प्रभावित होने की आशंका है। पार्टी ने इसे किसानों के हित में बड़ा आंदोलन बताया है, जबकि प्रशासन ने भी सुरक्षा और ट्रैफिक मैनेजमेंट की तैयारियां शुरू कर दी हैं। मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी, मध्य प्रदेश कांग्रेस की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती झूमा सोलंकी, पूर्व मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव, भगवानपूरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक केदार डावर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि नाईक के के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-3 मुंबई-आगरा रोड़ को खलघाट टोल टैक्स पर चक्काजाम प्रदर्शन होगा। हाईवे पर चक्काजाम प्रदर्शन के चलते यातायात पुलिस ने आवागमन करने वाले भारी एवं मध्यम वाहनों सहित समस्त प्रकार के चार पहिया वाहनों के लिए एडवाईजरी जारी की है। प्रदर्शन की संभावना को देखते हुए हुए उक्त मार्ग पर खलघाट से धामनोद तक समस्त प्रकार के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। उक्त मार्ग से आवागमन करने वाले दो पहिया,चार पहिया वाहन, भारी एवं मध्यम वाहनों के समस्त ट्रांसपोर्ट संचालको/ वाहन चालक इस मार्ग पर आवागमन न करते हुए अन्य वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें ताकि आवागमन में असुविधा न हों।

## ब्यूटी और हेल्थ केयर की बालिकाओं का प्रशिक्षण जारी

**मंडलेश्वर, निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 10 वी और 12 वी कक्षा की छात्राओं का 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 01 मई से शुरू होकर 25 मई तक चलेगा। ब्यूटी एन्ड वेलनेस की व्यावसायिक शिक्षक श्रीमति मोनिका मंडलोई ने बताया कि यह प्रशिक्षण व्यावसायिक शिक्षा में कौशल बढ़ाने के लिए दिया जा रहा हैं।

प्रशिक्षण के लिए प्रतिदिन छात्राओं को एक निजी ब्यूटी पार्लर ले जा कर सौंदर्य कला से संबंधित जानकारी सिखाई जाती हैं निजी पार्लर कि संचालक काजल मेम और व्यावसायिक शिक्षिका द्वारा बालिकाओं को हेयर कट, मेनिक्योर, पेड़ीक्योर, विभिन्न प्रकार के फेशियल और दुल्हन का मेक अप करना भी सिखाया जा रहा हैं। ब्यूटी पार्लर में छात्राओं कु पायल प्रजापत, सुनीता मोहरे, अपर्णा कुलरे, सुहाना तडोले, रितिका वर्मा, मुस्कान पटेल, एवं राधिका पगारे बड़े ध्यान से टिप्स ले रही थी इन छात्राओं का कहना हैं कि यह प्रशिक्षण हमारे लिए मददगार साबित होगा परम्परागत शिक्षा के साथ व्यावसायिक शिक्षा भी मिल रही हैं इससे हम भविष्य में ब्यूटी पार्लर का काम शुरू कर सकते हैं। हेल्थ केयर के व्यावसायिक प्रशिक्षक एजाज अली ने बताया कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यावसायिक विषय हेल्थ केयर में कुल 40 बालिकाए 20 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण के लिए प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 02 बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मंडलेश्वर में जा रही हैं। बालिकाओं को मरीज का आब्ज़र्वेशन करने के साथ वार्ड में मरीजों की देखभाल करना, ओ टी कार्य, मरीज को इंजेक्शन लगाना, ड्रेसिंग करना लेब में रक्त के नमूने लेना, शुगर जांच, बी पी कि जाँच जैसे काम सिखाए जा रहे है।



## कॉलेज छात्रों को बताए स्वस्थ्य रहने के उपाय

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर (अग्रणी) महाविद्यालय, खरगोन में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी एवं नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक उपयोगी पहल सिद्ध हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदन के साथ हुआ।

प्राचार्य डॉ. जीएस चैहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य को जीवन की सबसे बडी पूंजी बताया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ. किरण डुड्वें ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य एवं प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं इलाज करने के बजाय चिकित्सक से उचित परामर्श लेने, दैनिक जीवन में स्वास्थ्यकर आदतें अपनाने एवं रोगों से बचाव के उपायों पर विशेष मार्गदर्शन दिया।

इसके पश्चात डॉ. अविनाश सोहनी ने सिविल हॉस्पिटल खरगोन के विभिन्न विभागों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देते हुए संबंधित प्रभारियों के संपर्क नंबर साझा किए तथा बताया कि अलग-अलग दिनों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर उपचार की सुविधा भी प्रदान की जाती है। डॉ. रविन्द्र बर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'निरोगी काया ही हमारा पहला धर्म है।' उन्होंने वर्तमान में जीने, मानसिक संतुलन बनाए रखने एवं स्वस्थ सोच अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के रेड क्रॉस सोसायटी प्रभारी डॉ. विवेक सोलंकी ने किया।



## बड़वाह में श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की रही धूम, झूमे श्रद्धालु

**बड़वाह, निप्र।** बड़वाह नगर की सरस्वती कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। 3 मई से प्रारंभ होकर 9 मई तक आयोजित इस पावन कथा में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण कर रहे हैं।

कथा के मुख्य यजमान कृष्णा बाई तोमर ने बताया कि आयोजन निरंतर भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है और नगरवासियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। चौथे दिन कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन रहा। कथा वाचक पं. श्री दीपक जी शर्मा महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के अवतार की कथा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार मथुरा की कारागार में भगवान का जन्म हुआ और वसुदेव जी ने बालकृष्ण को यमुना पार कर गोकुल पहुंचाया। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' जैसे जयकारों से गूंज उठे। पूरे वातावरण में भक्ति और उल्लास की लहर दौड़ गई। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था और मध्यरात्रि के प्रतीकात्मक समय पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। बाल गोपाल की झांकी सजाई गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता भी कथा में शामिल हुए। उन्होंने मंच पर पहुंचकर कथा वाचक का सम्मान किया और आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का संचार करते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में भाग लेने का आग्रह भी किया। कथा वाचक पंडित जी ने अपने प्रवचन में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, प्रेम और कर्तव्य का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक भगवान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के मार्गदर्शक हैं, जिनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी द्वापर युग में थीं। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, संगीत और झांकियों ने वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा का श्रवण करते रहे और भगवान के जयकारों से पूरा पंडाल गूंजता रहा।



### भक्ति का बना केंद्र

आयोजन समिति द्वारा सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से की गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। यह धार्मिक आयोजन न केवल भक्ति और आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश भी दे रहा है। प्रतिदिन बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या इस बात का प्रमाण है कि लोगों में धर्म और संस्कृति के प्रति गहरी आस्था है। आगामी दिनों में कथा के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा, जिनका लाभ उठाने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## मोहन टॉकिज क्षेत्र में चली निगम की जेसीबी, नालों से हटाया कब्जा



**खरगोन, निप्र।** बारिश पूर्व शहर के प्रमुख नालों की सफाई का अभियान तेज हो गया है। नगर पालिका इस बार नाला सफाई के लिए औपचारिकता न निभाते हुए सालों से अतिक्रमण के चलते बंद पड़े नालों को ओपन भी करवा रही है। बुधवार को एसडीएम वीरेंद्र कटारे, सीएमओ कमला कौल, नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी के नेतृत्व में बस स्टेंड क्षेत्र सहित शहर की घनी आबादी वाले इलाके छोटी मोहन टॉकिज क्षेत्र में नाला सफाई अभियान शुरु किया गया।

यहां आजाद नगर से गौशाला मार्ग तक 1 किमी लंबा नाला अतिक्रमण मुक्त करने के बाद साफ किया गया। नगर पालिका स्वास्थ्य अधिकारी प्रकाश चित्ते ने बताया छोटी मोहन टॉकीज एवं बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानदारों एवं व्यापारियों द्वारा नालियों पर अतिक्रमण किया हुआ था। नाले बंद होने से सफाई कार्य प्रभावित होता था। गंदगी होने की शिकायतों को देखते हुए प्रशासनिक सहयोग से नालों को अतिक्रमण मुक्त कर सफाई कार्रवाई की।

## एक नजर में

### 05 आरोपियों को मौके पर जुआ खेलते और 1 आरोपी को अवैध सट्टा लेख करते पकड़ने में मिली सफलता

# जुआ-सट्टा खेलने-लिखने वालों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुरागजी के द्वारा जुआ / सट्टा के अवैध संचालन पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल जिला खरगोन के मार्गदर्शन में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों के प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में थाना कसरावद पर जुआ खेलने वालों एवं अवैध सट्टा लेख करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

**कार्यवाही की विवरण:-** थाना कसरावद पर विश्वसनीय मुखबिर से गुप्त सूचना प्राप्त होने पर निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद ने तत्काल कार्यवाही की योजना बनाकर पृथक पृथक 02 पुलिस टीम का गठन कर कार्यवाही हेतु मौके पर रवाना किया गया। मुखबिर द्वारा बताए स्थान घटना स्थल शासकीय शराब दुकान नं.2 के पास खुले मैदान से आरोपी सुरेश पुत्र छोंगालाल पंवार, उम्र 35 वर्ष, वार्ड क्र.08, अनिल पुत्र हुकुम चौहान, उम्र 40 वर्ष, वार्ड क्र.08 व अंतिम पुत्र रामेश्वर मोये, उम्र 22 वर्ष, ग्राम सामेड़ा को पकडा गया जिनके कब्जे से कुल 52 ताश पत्ते एवं नगदी 3500 रुपए जप्त किए गए तथा डोंगर पुत्र रमेश हिंगोले, उम्र 35 वर्ष, ग्राम हरिजन मोहल्ला व रविन्द्र पुत्र गुलाब सिंह भारुड़, उम्र 31 वर्ष, ग्राम लेपा के कब्जे से कुल 52 ताश पत्ते एवं नगदी 3100 रुपए जप्त किए गए एवं नया नगर बालसमुद में आरोपी संजय पुत्र देवीलाल सुनेर, उम्र 37 वर्ष, वार्ड क्र.03, गांगलेश्वर मंदिर, कसरावद के कब्जे से 03 सट्टा अंक पर्चिया, 01 लीड पेन व नगदी 1200 रुपए जप्त की गई सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना कसरावद पर द्युत अधिनियम की धारा 13 व 04 के अंतर्गत पृथक पृथक 03 अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गये।



**आरोपियों के नाम व पता**

01. सुरेश पुत्र छोंगालाल पंवार, उम्र 35 वर्ष, वार्ड क्र.08

02. अनिल पुत्र हुकुम चौहान, उम्र 40 वर्ष, वार्ड क्र.08

03. अंतिम पुत्र रामेश्वर मोये, उम्र 22 वर्ष, ग्राम सामेड़ा

04. डोंगर पुत्र रमेश हिंगोले, उम्र 35 वर्ष, ग्राम हरिजन मोहल्ला

05. रविन्द्र पुत्र गुलाब सिंह भारुड़, उम्र 31 वर्ष, ग्राम लेपा

06. संजय पुत्र देवीलाल सुनेर, उम्र 37 वर्ष, वार्ड क्र.03, गांगलेश्वर मंदिर, कसरावद

**फरार आरोपी :-** मुकेश पिता रमेश निवासी ग्रीड मोहल्ला कसरावद

### सराहनीय कार्य

उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में उनि महेश यादव, उनि अजय भाटिया, प्रआर. 417 मनोहर खदेड़ा, प्रआर. 185 राजेन्द्र चौहान, प्रआर 659 महेश मालवीय, आर.673 महेन्द्र ठाकुर, आर. 760 हरिओम कौशिक व आर. 605 बुदन कटारे, आर. 460 राकेश चौहान, आर. 655 विकास अवासे का विशेष योगदान रहा।